दैनिक भास्कर
जोधपुर 17-01-2023

कार्यशाला व इनवेस्टर सेशन में वक्ताओं ने स्टार्टअप्स व उभरते उद्यमियों को दिए आगे बढ़ने के टिप्स, सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान

नेशनल स्टार्टअप-डे

पॉलीटेक्निक स्थित आई-स्टार्ट नेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर में स्टार्टअप पॉलिसी पर चर्चा की।

जोधपुर| नेशनल स्टार्टअप-डे सोमवार को जोधपुर में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर स्थित आई-स्टार्ट नेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर में कार्यशाला एवं इनवेस्टर सेशन आयोजित किया गया।

इनक्यूबेशन सेंटर के प्रभारी एवं एसीपी जेपी ज्याणी ने बताया कि कार्यशाला में जोधपुर के स्टार्टअप्स एवं उभरते उद्यमियों को आई-स्टार्ट योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्टार्टअप पॉलिसी-2022 के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस दौरान मेंटर रौनक सिंघवी द्वारा कॉलेज विद्यार्थियों को अपने एक नवीन व रचनात्मक आइडिया को आत्मसात कर सफल उद्यम के रूप में स्थापित करने से संबंधित टिप्स देते हुए प्रोत्साहित किया गया और इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए जरूरी बातों को लेकर चर्चा की। इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं व सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए इनका पूरा-पूरा लाभ पाने का आह्वान किया गया। उद्यमी अनिल पारीक ने युवाओं के बीच अपनी स्टार्टअप यात्रा को साझा करते हुए प्रेरणा का संचार किया और कहा कि यदि वे दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें तो सफलता के शिखर तक आसानी से पहुंच सकते हैं।